तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 25 जून 2026

10 भाजपा मंडल ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी ...



12 इग्नाइट स्कूल में मना शाला प्रवेशोत्सव














# जिला अस्पताल के डायलिसिस केंद्र से मिल रही किडनी मरीजों को मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिला अस्पताल में आम जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा सतत रूप प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में अस्पताल का डायलिसिस केंद्र किडनी रोगियों को अपनी गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान कर रहा है। सिविल सर्जन डॉ. अशोक वर्मा ने बताया कि अस्पताल में डायलिसिस सेवा 2023 से मरीजों को मिल रही है। यह पूरी तरह निःशुल्क है। तब से लेकर अब तक डायलिसिस के 14410 सेशन हो चुके हैं। कुल 197 पंजीकृत मरीज हैं जिन्होंने इसका लाभ लिया है।

## 25 जून को होगा किडनी मरीजों का विशेषज्ञ चिकित्सक से ऑनलाइन संपर्क शिविर, 14 हजार से अधिक का सेशन

**खास बातें**

- प्रधानमंत्री डायलिसिस योजना से मरीजों को आर्थिक संबल
- निःशुल्क डायलिसिस सेवा बनी मरीजों का सहारा

### हजारों रुपये की हो रही बचत

अस्पताल में अपनी डायलिसिस करवाने आए भाटापारा के ग्राम गोंगिया निवासी सुनील कुमार ने बताया कि यह उनका केंद्र में पहला सेशन है। इससे पहले दो सेशन उन्होंने बिलासपुर के निजी अस्पताल से लिया था जहां हर हफ्ते 7-8 हजार लग जाता था। जिला अस्पताल में यह निःशुल्क है, जिससे उन्हें काफी राहत मिली है।

### विशेषज्ञ डॉक्टरों का ऑनलाइन मार्गदर्शन

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी ने बताया क़ि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय निःशुल्क डायलिसिस कार्यक्रम के तहत जिले में यह सुविधा उपलब्ध है, जो पूरी तरह निःशुल्क है। 25 जून को अस्पताल में नए किडनी मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा ऑनलाइन परामर्श दिया जाएगा। जरूरतमंद मरीज इसका लाभ ले सकते हैं।



तैयारी : समस्त श्रेणी के नवीन कृषकों का एग्रीस्टेक में पंजीयन जरूरी

# खरीफ विपणन वर्ष में धान उपार्जन के लिए किसान पंजीयन और संशोधन 1 जुलाई से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान उपार्जन हेतु नवीन किसान पंजीयन एवं संशोधन के लिये 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक समय -सीमा निर्धारित किया गया है। धान उपार्जन हेतु समस्त श्रेणी के किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य है।

ऐसे कृषक जिनके द्वारा विगत वर्ष 2025-26 में धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया गया है एवं जिनके पास एग्रीस्टेक फार्मर आई.डी. तथा किसान कोड उपलब्ध है उन्हें पृथक से कोई नवीन पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी। इन कृषकों द्वारा खरीदी-बिकी, नामांतरण, बंटवारा, फौती, अन्य माध्यम से यदि नवीन भूमि प्राप्त की गई हो, तो



केवल ऐसी भूमि, खसरा नंबर का संशोधन धान विक्रय हेतु संबंधित उपार्जन केन्द्रों या समितियों में किया जाएगा।

वन पटटाधारी, डुबान, शासकीय पटटेदार, कोटवार, संस्थागत कृषकों को भी धान विक्रय किये जाने हेतु एग्रीस्टेक में पंजीयन किया जाना अनिवार्य होगा।

विगत वर्ष 2025-26 के संस्थागत पंजीयन एवं नवीन पंजीयन कृषकों के एग्रीस्टेक आई.डी. बनाये जाने हेतु संस्था के प्रतिनिधि का नाम, मोबाईल नंबर, आधार नंबर, पंजीयन कमांक इत्यादि की प्रविष्टि खाद्य अधिकारी माड्यूल में किया जावेगा, जिसके उपरांत संस्था को एग्रीस्टेक आई.डी. प्राप्त हो सकेगी।

### एगरीस्टेक पंजीयन संबंधी निर्देश

अधिया, रेगहा बटाईदार, लीज के माध्यम से धान विक्रय करने वाले कृषकों को एग्रीस्टेक पोर्टल में प्रदाय किये गये ऑथराईजेशन मॉड्यूल के माध्यम से अधिकृत किया जाना है। विगत खरीफ वर्ष 2025-26 में धान विक्रय हेतु पंजीयन नहीं कराया गया था एवं जिनके पास किसान कोड उपलब्ध नहीं है। ऐसे नवीन कृषकों के एग्रीस्टेक में पंजीयन उपरांत, संबंधित समिति, उपार्जन में संपर्क कर अपनी भूमि, खसरे का पंजीयन, बैंक का विवरण, नॉमिनी विवरण ऑनलाइन सोसायटी माड्यूल में समिति या उपार्जन केन्द्र करेंगे।वन पटटाधारी, डुबान श्रेणी के नवीन कृषक के एग्रीस्टेक में पंजीयन हेतु इनके खसरे,कम्पार्टमेंट नंबर की फॉर्म आई.डी. बनाये जाने हेतु आवश्यक जानकारी खाद्य अधिकारी मॉड्यूल में किया जाएगा। एग्रीस्टेक में पंजीयन उपरांत वन पटटाधारी, डुबान श्रेणी के उक्त नवीन कृषक भी संबंधित समिति में अपने भूमि,खसरा नंबर का मैपिंग कर किसान कोड प्राप्त करेंगे।

# पलारी में पांच दिवसीय योग शिविर शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर पलारी में महिला पतंजलि के विशेष संयोजकत्व में पांच दिवसीय विशाल योग शिविर का आयोजन 24 से 28 जून तक किया गया है। शिविर के प्रथम दिन नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, पतंजलि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमलता साहू, योग शिक्षक जिला संयोजक योग आयोग गंगाराम साहू, वरिष्ठ नागरिक खिलेंद्र वर्मा, इंद्रदेव वर्मा, योग शिक्षक मीना साहू एवं योग शिक्षक राजकुमार यदु ने योग शिविर का शुभारंभ किया।

योग शिविर के प्रथम दिन महासमुंद से पहुंचे योग शिक्षक हेमलता साहू ने रोग निदान पर आधारित योग की बारिकियों को बताया,योगिक जागिक, प्राणायम, सुक्ष्म व्यायाम, भ्रामरी, उद्गीगीत अनुलोम-विलोम संबंधित योग को करके लोगों को जीवन शैली में सुधार लाने कहा, बाल्य योगी कुसुम आर्या ने कठिन योगासनों वृश्चिक आसन, ध्रुवआसन, वृक्षासन, ताड़ासन, सर्वांगासन, मयुरासन आदि को मंच में प्रदर्शित किया, प्रथम दिवस के समापन पर खिलेंद्र वर्मा ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नगर पलारी में सन्, 2009 में हुए विशाल योग शिविर का ज़िक्र करते हुए नगर पलारी में योग का गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहु ने नगरवासियों को आगामी 04 दिनो तक अधिक से अधिक संख्या में योग शिविर में शामिल होने आव्हान किया। इस अवसर पर योग साधक महिला ▶▶ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### उद्योग मंत्री ने 'सहयोग केंद्र' में सुनी कार्यकर्ताओं की समस्याएं

**रायपुर।** प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में 'सहयोग केंद्र' पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनकी विभिन्न समस्याओं व शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने कार्यकर्ताओं की मांगों और जनसमस्याओं के आवेदन स्वीकार करते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित व समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। मंत्री ने इस दौरान कहा, कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान करना और जनता को राहत पहुँचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### देशी प्लेन शराब बरामद दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से देशी प्लेन शराब शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि रामबली गुप्ता अपने एनएच 353 रोड स्थित दुकान में सुरेश दास के साथ अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु रखा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान रामबली गुप्ता के दुकान से 40 नग देशी प्लेन शराब एवं स्कूटी क्रमांक- सीजी 06 सीएच 8568 से 30 नग देशी प्लेन शराब कुल कीमत 5600 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी रामबली गुप्ता पिता सूर्यदेव प्रसाद के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# मुरा में राइस मिल और उसना प्लांट के प्रदूषण से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

बलौदाबाजार जिले ग्राम मुरा स्थित बेबो प्रोसेसिंग यूनिट द्वारा संचालित राइस मिल एवं उसना प्लांट से फैल रहे कथित प्रदूषण, दुर्गंध और काले धुएं को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामवासियों ने आरोप लगाया है कि उद्योग से निकलने वाली दुर्गंध और धुएं के कारण आसपास के रहवासियों का जीवन प्रभावित हो रहा है तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ने



लगी हैं।

ग्रामीणों के अनुसार उद्योग परिसर के आसपास विद्यालय, पेट्रोल पंप, आवासीय बस्तियां और कृषि भूमि स्थित हैं। उनका कहना है कि प्लांट से निकलने ▶▶ शेष पेज 10 पर

### ग्रामीणों ने आंदोलन की दी चेतावनी

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही प्रदूषण, दुर्गंध और धुएं की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे राइस मिल एवं उसना प्लांट का घेराव, धरना-प्रदर्शन और जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली किसी भी अप्रिय परिस्थिति की जिम्मेदारी उद्योग प्रबंधन और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों की होगी।

# निपनिया-भाटापारा सेक्शन में रोड अंडरब्रिज निर्माण, कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के निपनिया-भाटापारा सेक्शन के बीच किमी 755/07-09 पर स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 380 पर रोड अंडरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। उक्त रोड अंडरब्रिज निर्माण के तहत रिलिविंग गर्डरों के डी -लॉन्चिग हेतु ट्रैफिक-सह पावर ब्लॉक लिया जा रहा है। पहला पावर ब्लॉक 24 जून को रात्रि 10 बजे से 25 जून को 2 बजे तक लिया जाएगा। दूसरा ब्लॉक 28 जून को 2:30 बजे तक लिया जाएगा। इसके फलस्वरूप कुछ यात्री



गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। 28 जून को गाडी संख्या 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर गाडी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेम गाडी संख्या 68733 गेवरा रोड - बिलासपुर मेमू पैसेंजर गाडी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 25 एवं 28 जून को गाडी संख्या 68746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।

26 एवं 29 जून, को गाडी संख्या 68745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 25 एवं 28 जून, गाडी संख्या 58205 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर रद्द रहेगी। 26 एवं 29 जून,2026 को गाडी संख्या 58206 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। 26 एवं 29 जून, को गाडी संख्या 58202 रायपुर- ▶▶ शेष पेज 10 पर

विकास एवं जनकल्याण के प्रस्तावों पर सर्वसम्मति

# पीएम आवास ग्रामीण 2.0 के लिए पात्रता सूची का अनुमोदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम पंचायत कनकी, जनपद पंचायत तिल्दा नेवरा में विशेष ग्राम सभा का आयोजन पंचायत भवन में किया गया। ग्राम सभा में जनपद पंचायत से प्राप्त प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण 2.0 सर्वे सूची का वाचन कर उपस्थित ग्रामवासियों के समक्ष पात्रता परीक्षण किया गया तथा प्राप्त दावा-आपत्तियों पर विचार-विमर्श उपरांत सूची का अनुमोदन किया गया।

ग्राम सभा में शासन के निर्देशानुसार विभिन्न एजेंडा बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2.0 के



अंतर्गत आवासहीन, दिव्यांग परिवार, विधवा महिला मुखिया एवं कच्चे मकानों में निवासरत प्राथमिकता प्रदान करने संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका मिशन (वी बी-जी राम जी) का कार्ययोजना चर्चा, पंचायत की आय-व्यय समीक्षा, स्वच्छता, टीबी मुक्त भारत अभियान, बाल विवाह रोकथाम तथा समर्थ पंचायत पोर्टल में टैक्स वसूली, स्वच्छता ग्राही समूह द्वारा घर-घर कचरा संग्रहण, घरों के बाहर सोख्ता गड्ढा बनाने अन्य विकासात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

### ग्रामसभा आयोजित, आवास प्लस 2.0 की सूची जारी

**हिरमी रवान।** ग्राम पंचायत मोहरा में ग्रामसभा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास प्लस 2.0 से संबंधित पात्र हितग्राहियों की सूची का वाचन एवं प्रकाशन किया गया। ग्रामसभा की अध्यक्षता उपसरपंच चंदन लाल डहरिया ने की। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि पुष्पा सुखनंदन चेलक, पंचायत सचिव इंद्रसेन वर्मा, रोजगार सहायक सत्यनारायण टंडन सहित ग्राम पंचायत के पंच, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्राम सभा में आवास प्लस 2.0 की सूची सार्वजनिक किए जाने के बाद जिन पात्र हितग्राहियों के ▶▶ शेष पेज 10 पर





## खबर संक्षेप



### बिनौरी की ग्रामसभा में कई निर्णय पर लगी मुहर

**पलारी।** ग्राम पंचायत बिनौरी के बैठक में प्रस्तावित बीबी राम जी मनरेगा एक जुलाईसे प्रारंभ होगा। वहीं समस्त ग्रामवासियों को ग्राम पंचायत बिनौरी की पंचायत भवन में पहुंच कर अपने अधिकार मोर आवास 2 ,0 प्रधानमंत्री आवास की ग्राम पंचायत बिनौरी में 607 हितग्राहियों का प्रस्ताव कर जनपद पंचायत पलारी में भेजा जाएगा। सरपंच किरण सनकुमार साहू ने सभी हितग्राहियों को शासन से मिलने वाली योजनाए अंतिम व्यक्ति पहुंचे इसके लिए हमेशा प्रयास करते रहेंगे। इस अवसर पर उप सरपंच सुरेश कुमार डहरिया, सचिव हरीश डडसेना ,रोजगार सहायक रामकुमार निराला, सुखदेव सेन, पंचगण अलका टंडन, मंजू ध्रुव, ममता धीवर, भारत सेन, बुधारू साहू, सरोज साहू, बालमती साहू, लता डहरिया, शैलेन्द्री बंजारे, हीरालाल मनहरे, मोहन भरद्वाज, बालाराम साहू, भागबली यादव, माखन सेन, रामलाल धीवर, सालिक साहू, पन्ना लाल कुर्रे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण ग्रामसभा मे उपस्थित थे। फ़ोटो- ग्रामसभा की बैठक हुई ।

### दतान प में मनाया शाला प्रवेशोत्सव



**पलारी।** पूर्व माध्यमिक शाला दतान प. में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जामवंती नीलकमल साहू जनपद सदस्य एवं सभापति, स्वच्छता विभाग पलारी रहीं। कार्यक्रम में ज्योति चंद्राकर एसएमसी अध्यक्ष, उपसरपंच नरोत्तम यादव, शिक्षाविद् कृष्णकुमार वर्मा, जनपद सदस्य प्रतिनिधि नीलकमल साहू, एसएमसी अध्यक्ष हाई स्कूल दतान (प.) बिसाहूराम साहू, विधायक प्रतिनिधि मोहन ध्रुव, पूर्व एसएमसी अध्यक्ष साधराम बार्ले, पूर्व उपसरपंच रामसिंह साहू, पालक सदस्य उमेंद बघेल, श्यामबाई देवांगन एवं मनीषा रजक सहित समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएँ, पालकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने, नियमित रूप से विद्यालय आने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु प्रेरित किया।

### डबरी-तालाब बचाने निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने सरोवर हमारी धरोहर को प्रदेश सरकार का खोखला नारा बताते हुए कहा कि शहर के तालाबों को लगातार को माफिया निगलते जा रहे हैं। सरकार के संरक्षण में तालाब और पैठू को खत्म करने का काम लगातार जारी है। माफिया कब्रिस्तान की भूमि कब्जा करने में लगे हैं।

# आंगनवाड़ी केंद्रों को मिली ईसीई शिक्षण सामग्री, बच्चों के सर्वांगीण विकास को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट संस्था द्वारा कसडोल विकासखंड के सेल क्लस्टर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र 2 सेल में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा (ईसीई) को सुदृढ़ बनाने शिक्षण एवं शिक्षण सामग्री वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आई सीडीएस परियोजना अधिकारी सुपरवाइजर जनपद सदस्य जनप्रतिनिधि पालक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाएं एवं समर्थ संस्था के कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए गतिविधि आधारित एवं खेल आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न प्रकार की शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-01, 02 03 एवं 05 (सेल) तथा आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-02 (छरछेद) को ई सी ई सामग्री प्रदान की गई। अधिकारियों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सामग्री का नियमित एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव तैयार करती है। कार्यक्रम में उपस्थित पालकों एवं जनप्रतिनिधियों ने पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह सामग्री बच्चों के बौद्धिक सामाजिक एवं रचनात्मक विकास में सहायक सिद्ध होगी। इस

## शिक्षा में सहयोग और नियमित उपस्थिति पर जोर



### पालकों ने लिया संकल्प

पालकों ने बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं शिक्षा में सहयोग देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु सामूहिक सहयोग का संकल्प लिया। समर्थ संस्था के इस प्रयास को समुदाय एवं आंगनवाड़ी केंद्रों के बीच समन्वय बढ़ाने और बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

## दो लाख से अधिक पौधे उगाने का लक्ष्य, स्थानीय प्रजातियों के संरक्षण पर विशेष जोर

# बलौदाबाजार वनमण्डल में 'सीड बॉल' रोपण अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु के आगमन के साथ व्यापक स्तर पर सीड बॉल रोपण अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत वन मण्डल बलौदाबाजार अंतर्गत रिक्त वन क्षेत्रों, एएनआर क्षेत्रों, चारागाह विकास स्थलों, नदी-नालों के किनारों तथा विरल वन क्षेत्रों में प्राकृतिक पुनर्जनन को बढ़ावा देने एवं स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप उपयोगी प्रजातियों का विस्तार पर बल दिया जाएगा।

अभियान के तहत वनमण्डल स्तर पर पूर्व से ही प्रत्येक वन परिक्षेत्र को लक्ष्य निर्धारित कर सीड बॉल निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया था। इसके अंतर्गत पूरे वनमण्डल में लगभग दो लाख से अधिक सीड बॉल तैयार करने एवं उनका चरणबद्ध रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप विभिन्न वन परिक्षेत्रों द्वारा बड़ी मात्रा में सीड बॉल निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रों में उनका रोपण भी किया जा रहा है। वन परिक्षेत्र देवपुर अंतर्गत कसौदी परिसर के कक्ष क्रमांक 243 एवं 244, एएनआर क्षेत्र कक्ष क्रमांक 248 तथा जोंक नदी के किनारे सीड बॉल रोपण का कार्य किया गया,वहीं बारनवापारा परिक्षेत्र के विभिन्न परिसरों में इमली, चार, बेल, बेर, आम, बहेड़ा एवं अन्य स्थानीय प्रजातियों के सीड बॉल का रोपण किया गया।इसी प्रकार अल्दा, मुढ़ीपार, सुरबाय, डूमरपाली, बल्दाकछार, डाढ़ाखार, पैरागुड़ा सहित वनमण्डल के विभिन्न परिसरों में सीड बॉल रोपण की गतिविधियाँ निरंतर संचालित की जा रही हैं। वनमण्डल द्वारा आगामी युवान कार्यक्रम के माध्यम से भी जल स्त्रोतों, छोटे नालों एवं नदी किनारे के क्षेत्रों में स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप फलदार एवं बहुउपयोगी वृक्ष प्रजातियों के रोपण की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इन प्रयासों का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है बल्कि जल संरक्षण, मृदा संरक्षण, वन्यजीवों के लिए खाद्य उपलब्धता तथा स्थानीय जैव विविधता को सुदृढ़ करना भी है।

### वन क्षेत्रों की हरित आच्छादन में वृद्धि करने प्रयास

वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने बताया कि प्राकृतिक पुनर्जनन को बढ़ावा देने के लिए सीड बॉल रोपण एक प्रभावी एवं कम लागत वाली तकनीक है। जनसहभागिता, स्थानीय प्रजातियों के संरक्षण तथा वैज्ञानिक प्रबंधन के माध्यम से वन क्षेत्रों की हरित आच्छादन में वृद्धि करने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्षा ऋतु के दौरान यह अभियान और अधिक गति से संचालित किया जाएगा जिससे वन क्षेत्रों के पुनर्जीवन एवं जैव विविधता संरक्षण को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त हो सके।

## पीएम आवास के लिए मची होड़



**बंगोली।** जनपद पंचायत तिल्दा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बंगोली में प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। विशेष ग्रामसभा का आयोजन पीएम आवास की सर्वे की सूची को लेकर हितग्राही पात्र अपात्र करने के लिये किया गया। सर्वे में कुल 327 परिवारों का सर्वे किया गया, जिसमें 273 परिवारों का आवास सूची जारी हुए तथा 54 विलोपित हुए ।

24 जून बुधवार को विशेष ग्रामसभा का आयोजन ग्राम पंचायत भवन प्रांगण में किया गया, जिसमें आवास सूची का वाचन ग्राम पंचायत सचिव राजिम ध्रुव द्वारा किया गया। पीएम आवास को लेकर ग्राम सभा मे शत प्रतिशत ग्रामवासी महिला पुरुष से खचाखच भीड़ रही।

उपस्थित ग्रामसभा ने आवास सूची को लेकर कहा कि जिनके घर कच्ची खपरैल का है, सबसे पहले व प्रथम श्रेणी में रख कर पीएम आवास प्रदाय करने का निर्णय लिया गया तथा शेष नामितसूची को जॉच व प्राथमिकता के आधार पर आवास पात्रता माना जायेगा। विशेष ग्रामसभा में सरपंच उत्तम वर्मा, सचिव राजिम ध्रुव, उपसरपंच देवेंद्र शर्मा, नरेश निर्मलकर रोजगार सहायक सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### गोडा में पानीटंकी निर्माण का भूमिपूजन

**पलारी।** बुधवार को पलारी के ग्राम पंचायत गोंडा में मिनी पानी टंकी सौर उर्जा से संचालित डीएमएफ मद 20 लाख से निर्माण के लिए भूमिपूजन किया है। पानी टंकी बनने से ग्रामवासियों को पहले से अधिक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होगी। कार्यक्रम में तेज राम वर्मा भाजपा जिला पूर्व उपाध्यक्ष, सरपंच उषा जागेश्वर धीवर, उपसरपंच नोहर वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष सडी विकाश समिति अध्यक्ष महेश धीवर, पूर्व सरपंच राधे लाल धीवर, पूर्व उपसरपंच मुरली साहू, पंचगण अनूप वर्मा, अश्वनी वर्मा, राजेंद्र यादव, निर्मला जोशी, चेतन सेन, ढुलेश यादव,कौशिक भारद्वाज, पुरुषोत्तम धीवर, किशन मनहरे, चुगु नौरंगे, मीना साहू, बीरसिंग नौरंगे, सहदेव साहू, बगस मनहरे, पोषण यादव,पलक, धनीराम जोशी, बल्लू वर्मा आदि उपस्थित थे।



## योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

योग दिवस स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर आधारित वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं को जोड़ने गुरु घासीदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमसेना में योग प्रशिक्षक भोजराम मनहरे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की प्रारंभ योग प्रार्थना कर किया गया।तत्पश्चात शिथिलीकरण का अभ्यास, स्कंध संचालन, कटिचालन, घुटना चालन के साथ ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन उष्ट्रासन, शशांकासन, अर्ध हलासन, सेतुबंधासन, शलभासन, मकरासन, पवनमुक्तासन, शवासन के साथ प्राणायाम कपालभाति, अनुलोम विलोम शीतली, भ्रामरी के अलावा विद्यार्थियों को ध्यान कराया और संकल्प, शांति पाठ के साथ समापन किया गया।

इस अवसर पर योग प्रशिक्षक भोजराम मनहरे ने छात्र-छात्राओं जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि योग हमारी भारतीय संस्कृति की अमूल्य निधि बताते हुए जिंदगी में धन संपत्ति रिश्ते नाते, भौतिक सुख सुविधा जितनी आज जरूरी है उतनी ही जरूरी योग ध्यान की है। जिंदगी में हमें संतुलन, सच्चा सुख, आनंद और शांति बनाए रखने के लिए योगाभ्यास को जरूरी बताया भोजराम मनहरे ने योगाभ्यास से रोग जैसे जोड़ो का दर्द, मधुमेह, हृदय संबंधी समस्याओं को रोकने के साथ साथ योग को शारीरिक एवं मानसिक शांति का अच्छा माध्यम बताया।

योग हमें संतुलन,सच्चा सुख आनंद और शांति प्रदान करता है, इसलिए सक्रिय जीवन शैली और बढ़ती उम्र में शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए हमें अपनी दिनचर्या में प्रतिदिन शामिल करने कहा। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित थीं।

# सुहेला मंडल और बूथ स्तर पर मनाई गई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन



भाजपा सुहेला मंडल द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती बलिदान दिवस के रूप हिरमी, सकलोर भालेसुर में मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अदिति बघमार ने कहा कि मुखर्जी जनसंघ के संस्थापक थे। उन्होंने एक देश में दो विधान दो प्रधान और दो निशान का पुर जोर विरोध किया था उनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार ने कहा मुखर्जी का सपना जम्मू काश्मीर से धारा 370 हटाकर मोदी ने पूरा किया है। हम जिस विचार धारा को लेकर चले थे। वह आज पूरा हो रहा है इसलिए राजनीति में विचार धारा का बहुत महत्व है। हमें अपने विचार से विपरीत नहीं जाना चाहिए चाहिए, चाहे परिस्थिति कोई भी हो यह हमे मुखर्जी ने सिखाया है। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री डॉ. धनीराम साहू, मंडल उपाध्यक्ष होरीलाल वर्मा, कोषाध्यक्ष कीर्ति वर्मा, भुनेश्वर साहू, महिष जांगड़े, हरिशंकर वर्मा, तिलोचन वर्मा, टाकेश्वर वर्मा, डागेश्वरी वर्मा, दुलेश्वरी वर्मा, माधुरी वर्मा, आनंद साहु, मेघनाथ साहू, शेष नारायण वर्मा, प्रेम लहरी, हेमंत यादव, पुनाऊ भारती सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### भाजपा मंडल ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

**खरोरा।** भाजपा मंडल खरोरा के अंतर्गत ग्राम घिवरा शक्ति केंद्र में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करना तथा माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सुनने एवं उसके सफल आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश प्रदान करना रहा। बैठक में मंडल उपाध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रभारी छगन यादव, शक्ति केंद्र सहसंयोजक (सरपंच) प्रेमन रात्रे, उपसरपंच ममता रात्रे सहित बूथ अध्यक्ष मंथीर जलसेन, सुशील साहू, मुकेश पटेल, रामकुमार साहू उपस्थित रहे। इसके अलावा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में कांति चेलक, मनोहर लाल साहू, चरण वर्मा, कन्हैया लाल साहू, संतराम साहू, धनउ वर्मा, रघुनंदन सूर्यवंशी, ओमकार धीवर, हीरालाल साहू, सुरेंद्र कुर्रे, रवि जलसेन, देवानंद रात्रे सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



## पेज 9 के शेष

### पलारी में पांच...

व पुरुष काफी संख्या में उपस्थित रहे, जिसमें हेमलता कन्नौजे, भुमिका वर्मा, मधुरानी वर्मा, फत्तेसेन, राजेश कुमार कन्नौजे, दिनेश कुमार साहु, ओस राम साहु, शत्रुहन वर्मा, हेमलाल देवांगन, संतोष कोसले, उमेंद्र ठाकुर, आशिष ठाकुर, सालिक राम वर्मा, सरिता वर्मा, अहिल्या कन्नौजे, मालती वर्मा, भारती वर्मा, देवकुमारी वर्मा, निर्मला वर्मा, उत्तरा पैकरा, खोमेश्वरी वर्मा, जगदीश पटेल, तुका राम वर्मा, बल्लु यादव सहित ग्राम खरतोरा, संडी, जर्वे, रोहांसी से लोग शामिल रहे।

### निपनिया-भाटापारा सेक्शन ...

बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 28 जून, को गाडी संख्या 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। बीच में समाप्त होने वाली गाड़ी 25 एवं 28 जून, को गोंदिया से चलने वाली 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन से प्रारम्भ होगी तथा गोंदिया एवं बिलासपुर के बीच रद्द रहेगी। 25 एवं 28 जून को झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर में समाप्त होगी तथा बिलासपुर एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। 25 जून को गाडी संख्या 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर बिलासपुर में समाप्त कर दी जाएगी यह गाड़ी बिलासपुर रायपुर के मध्य रद्द रहेगी।

### मुरा में राइस मिल...

वाली तेज दुर्गंध के कारण लोगों को घरों में रहना मुश्किल हो गया है, वहीं चिमनियों से निकलने वाले काले धुएं से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। इससे विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में कई बार उद्योग प्रबंधन को मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक समस्या के समाधान के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, उद्योग विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों से मांग की है कि मामले की संयुक्त जांच कराई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि उद्योग पर्यावरणीय मानकों का पालन कर रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि यदि जांच में नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित उद्योग के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जानी चाहिए।

ग्रामीणों की प्रमुख मांगें- राइस मिल एवं उसना प्लांट की तत्काल पर्यावरणीय जांच कराई जाए, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निरीक्षण कर जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए, दुर्गंध एवं वायु प्रदूषण पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण किया जाए, ग्रामीणों के स्वास्थ्य और पर्यावरण सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए, पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर उद्योग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव के लोगों के स्वास्थ्य, पर्यावरण और जीवन की सुरक्षा सर्वोपरि है तथा प्रदूषण फैलाने वाले किसी भी उद्योग को नियमों के दायरे में लाना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

### पीएम आवास ग्रामीण...

नामसूची में शामिल थे, उनके चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। वहीं जिन लोगों के नाम सूची में शामिल नहीं हो सके, वे निराश होकर वापस लौटे। ग्रामीणों ने सूची के संबंध में अपनी जिज्ञासा एवं सुझाव भी पंचायत प्रतिनिधियों के समक्ष रखे। बैठक के दौरान पंचायत पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को योजना की पात्रता, चयन प्रक्रिया एवं आगामी कार्यवाही की जानकारी दी तथा शासन के निर्देशानुसार पारदर्शी तरीके से कार्य किए जाने का आश्वासन दिया।ग्राम सभा का आयोजन शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
हड्डी, नर्स, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

**प्रवेश प्रारंभ : 2026-27** | **SHAPING FUTURES, DELIVERING CAREERS** | **ADMISSIONS OPEN: 2026-27**

''भारती-ग्रुप'' पिछले 29 वर्षो से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, राज्य में आवश्यकता के अनुसार नये-नये पाठ्यक्रम संचालित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा कम-खर्च / कम-फीस में प्रदान कर रहा है। आगे इसी लक्ष्य को पुरा करते हुये अध्ययन प्राप्त कर चुके, लगभग सभी विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रदान कर रही है। इनकी योग्यता, कौशल एवं रुचि के अनुसार छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यो की कई बड़ी-बड़ी कंपनियों में चयनित होकर कार्यरत है तथा कई बड़े रूप में स्व-रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है। जिससे हमारी संस्था के साथ-साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाये रखेंगे इसी विश्वास के साथ ...

**लॉ ( कानून )-** लॉ एजुकेशन में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण। एलएलबी 3 वर्षीय, प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम 2 वर्षीय, प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ उत्तीर्ण होने के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प हैं जिसमें से न्यायपालिका, वकालत, कानूनी सलाहकार के रूप में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है, इसके अतिरिक्त वे कॉर्पोरेट सेक्टर, वित्तीय संस्थानों, इनकम टैक्स विभाग, लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग, मानव संसाधन, रियल एस्टेट, मीडिया, बैंकिंग और बीमा क्षेत्रों में भी कार्य कर अपना उज्जवल भविष्य बना सकते हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी है
## पॉलिटेक्निक / इंजीनियरिंग / एमटेक

हमारे छत्तीसगढ़ शासन औद्योगिक एवं तकनीकी विकास की दिशा में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ ही देश एवं विदेश की कई कम्पनीयों के साथ समझौता को बढ़ावा दे रही है एवं कई बड़ी-बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नये अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पॉलिटेक्निक 3 वर्षीय प्रवेश हेतु 10वीं उत्तीर्ण, बी.टेक 4 वर्षीय, प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। विद्यार्थी सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन जैसे विषयों में प्रवेश लेकर गहन तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। यह कोर्स विद्यार्थियों को अनुसंधान, डिजाइन, विकास, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और इंडस्ट्री में विविध तकनीकी जिम्मेदारियों के लिए तैयार करता है। इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रो में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं जैसे निर्माण कंपनियां, सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग, ऑटोमोबाइल, पावर प्लांट्स, स्टार्टअप्स, सरकारी विभाग, अनुसंधान संस्थान, और शिक्षण संस्थान में रोजगार एवं स्व-रोजगार का अवसर मिलेगा।

Afft. to Ayush University, Raipur
- **BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
- **B.Sc. (Nursing)**

Afft. to IGKV, Raipur
- **B.Tech Agri.**
- **B.Sc. Agri.**

## प्रथम दीक्षांत समारोह में उपस्थित डॉक्टरेट उपाधि प्राप्तकर्ता



भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं लगभग सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर कोर्सेस सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये कई नये-नये विषयों मे शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन के साथ-साथ IAS, IPS, IES, IFS, IRS, SSC, CGPSC/State Public Service Commission तथा अन्य सभी केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता सुनिश्चित करने हेतु इसकी तैयारी निःशुल्क प्रदान की जा रही है।

### Law
- B.A. LLB
- LLB
- B.Com LLB
- LLM

### Engineering
**M. Tech. / B.Tech. / Polytechnic**
- CSE
- Civil
- ET&T
- Mechanical
- Electrical

(Regular / Working Professionals with Flexible Time)

### Education
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

### Public Health
- MPH (Master of Public Health)

### Rural Studies
- Bachelor (BRS)
- Master (MRS)

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S.)*
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S.)*

### Social Work
- Diploma (DSW)
- Bachelor (BSW)
- Master (MSW)

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma

### Science
**B.Sc (Hons)/M.Sc**
- Forensic Science
- Chemistry
- Maths
- Computer Science
- Physics
- Zoology
- Animation & Visual Effects
- Botony
- Microbiology
- Biotechnology
- Home Science
- IT

### Arts/ Commerce & Management
- BBA
- MBA
  - Hospital Mgt.
  - Financial Mgt
  - Marketing Mgt.
  - Human Resource Mgt.

**B.A.(Hons)/ M.A**
- Psychology
- English
- Sociology
- Yoga
- Hindi
- Sanskrit
- Economics
- History
- Geography
- Political Science

- B.Com.(Hons)
- M.Com
- B.Stat
- M.Stat
- DCA
- BCA
- PGDCA

### Library Science
- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Digital Marketing
- Yoga Science
- Nutrition & Dietetics
- Interior Design
- Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

**Ph.D. Available in all Major Subjects**

**फॉरेंसिक साइंस-** भारती विश्वविद्यालय न केवल दुर्ग, बल्कि पूरे छत्तीसगढ में कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है। बीएससी फॉरेंसिक साइंस( ऑनर्स ) 3+1 वर्षीय (डिग्री+अनुसंधान)में प्रवेश हेतु गणित अथवा विज्ञान विषय में 12वीं उत्तीर्ण एवं एमएससी फॉरेंसिक साइंस 2 वर्षीय, प्रवेश हेतु बीएससी गणित/जीवविज्ञान, फार्मेसी, इंजीनियरिंग के साथ स्नातक होना अनिवार्य है। इस विषय से छात्रों को अपराध अनुसंधान, डीएनए विश्लेषण, फिंगरप्रिंट तकनीक, क्राईम सीन इन्वेस्टिगेशन, साइबर सिक्योरिटी और टॉक्सीकोलॉजी जैसे आधुनिक कौशलों में प्रशिक्षित होने का ज्ञान प्राप्त होगा। डिग्री प्राप्त होने के बाद अपराध जॉच में वैज्ञानिक सबूतो के बढ़ते महत्व के कारण सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में नौकरी के सबसे ज्यादा अवसर हैं, फॉरेंसिक साइंस के विद्यार्थी देश-विदेश के फॉरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फॉरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य करते हैं। सरकारी विभागों जैसे सेंट्रल एवं स्टेट फॉरेंसिक साइंस लैब, गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य खुफिया एजेंसियों में फॉरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों को एक सशक्त कैरियर एवं रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान...**

## ''फार्मेसी ज्ञान और सेवा का संगम''

डी. फार्मेसी 2 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स एवं बी.फार्मेसी 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम है जिनमें प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। फार्मेसी विज्ञान और मानव स्वास्थ्य के बीच एक सेतु है, जो कि ना केवल दवाओं की गुणवत्ता और प्रभाव को सुनिश्चित करता है, बल्कि रोगों की रोकथाम और इलाज में अहम भूमिका निभाता है। आज की तेज रफ्तार जीवनशैली, बदलती स्वास्थ्य समस्याएं, और नई-नई बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के चलते फार्मेसी क्षेत्र में कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग निरंतर बढ़ रही है। यह कोर्स अनुसंधान, शिक्षण, उद्योग और सरकारी विभागों में उन्नत कैरियर के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। जिसमें विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल विज्ञान की मूलभूत जानकारी, दवा निर्माण, ड्रग डिजाइन, फार्माकोलॉजी, हर्बल ड्रग्स और क्लिनिकल फार्मेसी जैसे विषयों में गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस कोर्स के अध्ययन से विद्यार्थियों को अनुसंधान, निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, और फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में विभिन्न जिम्मेदारियों के लिये तैयार होते है। फार्मेसी के डिग्री प्राप्त करने के बाद छात्र सरकारी और निजी अस्पतालों, क्लीनिकों, इसके अलावा स्वरोजगार के लिए मेडिकल स्टोर भी प्रारंभ कर सकते हैं।

## PLACEMENT SELCTION 2026



**TOP RECRUITERS:** WIPRO LTD. | ASHOK L bY LAYAM GROUP | JINDAL ELECTRICAL | HCL INFOSYSTEMS Ltd. | TATA CONSULTANCY SERVICES | L & T CONSTRUCTION | SUZUKI MOTORS | MAHINDRA & MAHINDRA Ltd. | CAPGEMINI INDIA PVT. LTD. | ULTRATECH CEMENT | SUZLON ENERGY LTD. | BOC INDIA LTD. | DHOOT TRANSMISSIONS | ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. | HIRA POWER & STEEL | MAINTEC TECHNOLOGIES | IDBI BANK LIMITED | JUST DIAL LIMITED





6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07
www.bhartiuniversity.org
bhartiuniversity.in@gmail.com




**SUN PUBLIC SCHOOL**
A CBSE NEW Delhi, affiliated School
Day Boarding School
ADMISSIONS OPEN
Hostel Facility Available from 6th to 12th Class
NURSERY TO 12TH CBSE
ENGLISH MEDIUM
9109186601, 9109186607

**सन प्राइवेट आई.टी.आई.**
भारत सरकार (NCVT & DGT) एवं छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
विशेषताएँ
- उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम
- अनुभवी शिक्षक
- आधुनिक टूल्स एवं मशीनों द्वारा ट्रेनिंग
- छात्रवृत्ति की सुविधा
- हॉस्टल की सुविधा

प्रवेश प्रारंभ
- इलेक्ट्रीशियन
- फिटर
} 2 वर्ष
- कोपा
- स्टेनो (हिन्दी)
} 1 वर्ष

9589158888, 9109186606

## खबर संक्षेप

### किसानों को पर्याप्त मात्रा में मिल रही खाद

**बलौदाबाजार।** जिले में किसानों को खेती-किसानी के लिए आवश्यक उर्वरक समय पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में बलौदाबाजार निवासी किसान रामनारायण पैकरा ने बताया कि वे लगभग ढाई एकड़ भूमि में खेती करते हैं। खरीफ सीजन की तैयारी के लिए वे खाद



लेने अपनी सहकारी समिति बलौदाबाजार पहुंचे, जहां उन्हें बिना लाइन लगे, समय पर एवं पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया गया। श्री पैकरा ने बताया कि समय पर खाद मिलने से खेती की तैयारियां सुचारु रूप से हो रही हैं और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। उन्होंने किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बेहतर व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग का आभार व्यक्त किया। जिला प्रशासन द्वारा किसानों को निर्धारित दर पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए सतत निगरानी रखी जा रही है, ताकि खरीफ सीजन के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### दीपांशु राज का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन

**बिलाईगढ़।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस परसापाली के छात्र दीपांशु राज खटकर लगन एवं प्रतिभा के बल पर दो महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर विद्यालय, परिवार का नाम रोशन किया है। दीपांशु का चयन प्रतिष्ठित प्रयास आवासीय विद्यालय में हुआ है, जो मेधावी विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष



अवसर प्रदान करता है। इसके साथ ही दीपांशु ने नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप एग्जामिनेशन एनएमएमएसई में भी सफलता प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय दिया है। एक ही शैक्षणिक सत्र में दो महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त करना दीपांशु की कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं अध्ययन के प्रति समर्पण का परिणाम है। उनकी इस सफलता से विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी तथा वे भी अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। प्राचार्य, शिक्षकों एवं समस्त स्टाफ ने दीपांशु को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी हैं।

### विश्व हैंडबॉल दिवस पर खिलाड़ियों का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** 23 जून को विश्व हैंडबॉल दिवस पर जिला हैंडबॉल संघ के फ्लड लाइट ग्राउंड में सभी पदाधिकारी एवं खिलाड़ियों द्वारा केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। महासमुंद जिला हैंडबॉल संघ के सचिव सैयद इमरान अली ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर ग्राउंड में पहुंचकर अपनी ओर से सभी खिलाड़ियों को विश्व हैंडबॉल दिवस की बधाई दी।

## नगर में ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए विधायक और नपा अध्यक्ष

# व्यक्तित्व चरित्र और भविष्य के निर्माण की प्रथम सीढ़ी है पाठशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



शिक्षा विभाग की ओर से विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव 2026 का आयोजन नगर भवन में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि विधायक इंन्द्र साव थे। अध्यक्षता नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्षा सविता अनंत उपस्थित रहीं। छत्तीसगढ महतारी का राज्य गीत उपरांत अतिथियों का स्वागत किया गया। शिक्षा विभाग की ओर से प्रतिवेदन का वाचन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी भास्कर देवांगन ने किया। इसमें उन्होंने विकासखण्ड की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुये बताया कि 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में भाटापारा विकासखण्ड जिले में प्रथम स्थान पर रहा एवं आगे भी शिक्षकों के सहयोग से विकासखण्ड उत्कृष्ट प्रदर्शन करता रहेगा। विकासखण्ड भाटापारा में पढ़ने वाले कुल 48493 छात्र-छात्राओं के भविष्य का ध्यान रखते हुये शासन की ओर से चलने वाली विभिन्न योजनाओं का भी उल्लेख उनके द्वारा किया गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि प्रदीप अनंत द्वारा अपने छात्र काल को याद करते हुये सभी को नये प्रवेश उत्सव की बधाई दी।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने अथक परिश्रम का पाठ पढ़ाया। विद्यालय को बच्चों का दूसरा घर एवं शिक्षकों को माता पिता का दूसरा रूप बताया। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष के रूप में जो भी सहयोग उनसे मांगा जायेगा, उसे पूर्ण करने हेतु आश्वस्त किया।

विधायक इंन्द्र साव द्वारा नव प्रवेशित बच्चों को नये शिक्षा सत्र की बधाई देते हुये विद्यालय को व्यक्ति के व्यक्तित्व चरित्र एवं भविष्य के निर्माण की प्रथम सीढ़ी बताया। उन्होंने विकासखण्ड में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उन्हें मार्गदर्शन देने वाले शिक्षकों का आभार माना। साथ ही उनके द्वारा अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने तथा शिक्षकों को सभी बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने प्रेरित करने की बात कहीं। विधायक द्वारा तहसील कार्यालय के सामने से बीआरसी कार्यालय तक सीसी रोड तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समीप शिक्षक सदन के यथा शीघ्र निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा उपस्थित बच्चों को तिलक लगा एवं मिठाई खिलाकर आर्शीवाद दिया। उनके द्वारा नये सत्र के किताबे एवं गणवेश उपस्थित सभी बच्चों को प्रदान की गई। साथ ही राहुल जैन द्वारा विद्यार्थियों के लिये बैग दिया गया तथा कक्षा 9 वीं मे प्रवेशित छात्राओं को सरस्वती सायकिल का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। सीडब्ल्यूएसएन योजना के तहत दिव्यांग बच्चों को किट वितरित की गई। कार्यक्रम में पार्षद कुंजराम कोशले, पार्षद लक्ष्मीकांत टंडन, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्र प्रकाश साहू, तहसीलदार प्रेमा मिंज, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मुन्ना सिंग नेताम, विकासखण्ड के समस्त प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक तथा समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अभिलाषा शर्मा के द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक दुर्गेश शर्मा के द्वारा किया गया।

## पीएम श्री नवीन प्राथमिक शाला में उत्साहपूर्वक मनाया गया प्रवेशोत्सव



**खरोरा।** विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीएम नवीन प्राथमिक शाला इस वर्ष भी प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नगर के पार्षद राहुल मरकाम, दामिनी देवांगन, भूपेंद्र सेन, पालक सदस्य, संकुल समन्वयक रामकरण बर्मा, शाला के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा मध्यान्ह भोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थी जीवन आचरण और संस्कारों की पाठशाला है। एक आदर्श और संस्कारवान नागरिक का निर्माण विद्यार्थी जीवन से ही शुरू होता है। बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा और संस्कार ही उनके भविष्य का आधार बनते हैं। प्रवेशोत्सव के दौरान नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उनका मुंह मीठा कराया गया। साथ ही विद्यार्थियों को अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में बच्चों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानपाठक इन्द्राणी वर्मा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।



### करहीबाजार में मनाया शाला प्रवेशोत्सव

**करहीबाजार।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी-हिंदी माध्यम विद्यालय करहीबाजार में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान नवप्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया और पुस्तक का वितरण किया गया। प्रधान पाठक ईश्वर देवदास का कहना है कि पिछले सत्र के अनुसार इस सत्र में निर्धारित सीट के लगभग छात्र भर्ती हुए हैं। उक्त प्रवेश उत्सव में शाला विकास समिति के अध्यक्ष सियाराम चक्रधारी, गांव के सरपंच कमला अरुण निषाद, करहीबाजार जनपद रेवती राजेश पटेल, उप सरपंच अशोक पटेल, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष रामकुमार यादव, ग्राम विकास समिति के सभापति अजर दास मानिकपुरी सभी पालकगण और शाला परिवार की अध्यापक-अध्यापिका शामिल हैं।

### प्रवेश उत्सव और शैक्षणिक पुरस्कार समारोह

**खरोरा।** अमन पब्लिक स्कूल में प्रवेश उत्सव, सरस्वती पूजा, शैक्षणिक पुरस्कार समारोह एवं पादग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों त्रिशिका साहू, नित्या देवांगन, रागिनी साहू, ख्याति देवांगन, निखिल साहू, रुद्र प्रताप देवांगन, शिवान्या खुंटे, विवान देवांगन, झरना भोई एवं छाया पात्रे को डॉ अब्दुल अमीन खान संस्था के स्थापक द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा के महत्व एवं अनुशासन का संदेश दिया गया। इस अवसर पर श्रीमती अंजली देवांगन, आकांक्षा देवांगन, लीना राजपूत, प्रगति देवांगन, शालिनी जायसवाल, मोनिका साहू, टिकेश्वरी साहू, मोना निर्मलकर, दुर्गा वर्मा, यशोदा यादव, पिंकी पटेल, सौभाग्य गिलहरे, नम्रता यादव, मुस्कान वर्मा, चंचल साहू, अंबालिका साहू, पुष्प, प्रमोदनी एवं शबाना उपस्थित रहीं।





### लावर स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**हथबंद।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय लावर में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हुआ। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर, मुंह मीठा कराकर तथा निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, शाला विकास समिति के पदाधिकारियों तथा शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं संस्कारयुक्त शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष कल्याण सिंह ध्रुव उपस्थित रहे। उनके साथ समिति उपाध्यक्ष अवध चक्रधारी, पंच रामायण जोशी, रिंकी जोशी, बसंत गिरी गोस्वामी, रामनाथ यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समिति सदस्य मौजूद रहे।



## इग्नाइट स्कूल में मना शाला प्रवेशोत्सव

**सिमगा।** नगर के शासकीय इग्नाइट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ शाला प्रवेशोत्सव के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में बड़ी संख्या में पालक प्रतिष्ठित नागरिक, जनप्रतिनिधि और शिक्षाविद नव-प्रवेशी बच्चों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे।

नव-प्रवेशी छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों का तिलक लगाकर व मुंह मीठा करा कर स्वागत किया गया। इस दौरान बच्चों के चेहरे पर स्कूल आने की खुशी और उत्साह साफ नजर आ रहा था। छात्र-छात्राओं को नवीन सत्र की निशुल्क पाठ्यपुस्तकों व शिक्षण सामग्री वितरण किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल पांडे ने अपने उद्बोधन में बच्चों को मन लगाकर पढ़ने की सीख दी।

उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षकों व पालकों के आपसी समन्वय को शिक्षा की नींव बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुनील माहेश्वरी, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राज भाटिया, उपाध्यक्ष विकास सोनकर पार्षद विष्णु जायसवाल, सचिन जैन, अभिजीत अवस्थी, अनूप तिवारी, नीरज शर्मा भाजपा मंडल महामंत्री छोटू यादव, परीक्षित चतुर्वेदी, दीनबंधु शर्मा एवं सिमगा संकुल के सीएससी छन्नू लाल साहू, शाला प्रबंधन समिती के अध्यक्ष विष्णु जायसवाल, उपाध्यक्ष डिकेश्वरी सोनी, प्राथमिक अंग्रेजी माध्यम की प्रधान पाठक रुक्मणी चक्रधारी, लोरी जगताप, शिखा श्रीवास्तव, अनुभव प्रकाश तथा इग्नाइट पूर्व माध्यमिक स्कूल के प्रमुख कुसुम सिंह, स्वप्निल माहेश्वरी, शमी बानू, मधुलता घृतलहरे और आदर्श पूर्व माध्यमिक हिंदी माध्यम के संस्था प्रमुख राजवर्धन भोसले की उपस्थिति रही।

## सकलोर में शाला प्रवेश मना, जनप्रतितिधि और प्रबुद्ध नागरिक रहे मौजूद

**हिरमी रावन।** ग्राम सकलोर में शाला समिति के तत्वावधान में नए शैक्षणिक सत्र पर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नए छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस गरिमामय आयोजन में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत की सरपंच ममता वेद प्रकाश वर्मा, उप सरपंच कौशल्या धूलेश धीवर (दीवार), प्रधान पाठक अंजनी पांडे, और प्रधान पाठक गजरी सोनवानी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक स्वाति दुबे एवं वर्मा सर का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर शाला समिति के सदस्यों के साथ-साथ गांव के प्रबुद्ध नागरिक ठाकुर राम साहू, आत्माराम वर्मा, अशोक वर्मा और धनेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित थे, जिन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सरपंच ममता वेद प्रकाश वर्मा ने कहा आज का दिन सकलोर



के लिए एक उत्सव का दिन है। जब हमारे घर का कोई बच्चा पहली बार स्कूल की दहलीज पर कदम रखता है, तो वह केवल एक स्कूल में प्रवेश नहीं कर रहा होता, बल्कि वह अपने सुनहरे भविष्य और हमारे गांव के विकास की नींव रख रहा होता है। आज जिन बच्चों का हमने तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर स्वागत किया है, यही बच्चे कल का भविष्य हैं। शिक्षकों का काम केवल किताबों से पढ़ाना नहीं है, बल्कि बच्चों के भीतर छुपी प्रतिभा को निखारना है। स्कूल के बाद घर पर भी उन्हें कैसा माहौल मिल रहा है, यह देखना हमारी जिम्मेदारी है।

## बलौदी में शाला विकास समिति का गठन



**पलारी।** प्राथमिक शाला बलौदी में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। इममें अध्यक्ष दुलेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष खिलेश्वरी निषाद, सदस्यों में चम्पा साहू, यामिनी चंदाकर, उषा देवांगन, संगीता यादव, राजेश्वरी ध्रुव, अश्विनी कन्नौजे भीखम निषाद, गायत्री साहू का चयन किया गया। साथ ही आज नव प्रवेशी बच्चों को गुलाल व मिठाई खिलाकर एवं शासन की ओर से निःशुल्क पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रधानपाठक अश्विनी कुमार वर्मा, संकुल समन्वयक मंतराम वर्मा, उपस्थित रहे। ग्राम बलौदी के पालकगण कृष्णकुमारी बंजारे, बसंता बाई, श्याम बाई, लक्ष्मी देवांगन, नीलिमा देवांगन, शारदा यादव, शिक्षक शत्रुहन पैकरा, ममता तिवारी, देवशाला नेताम, कृष्णकुमार वर्मा शाला प्रवेशउत्सव में उपस्थित रहे।

## मिरगी स्कूल के तीन विद्यार्थियों ने लहराया परचम

# राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति परीक्षा में तीन छात्रों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

शिक्षा के क्षेत्र में शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला मिरगी ने एक बार फिर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के तीन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों मुकेश कुमार साहू, किंजल साहू तथा शीला साहू का चयन राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति परीक्षा 2026 में हुआ है। विद्यार्थियों की इस सफलता से विद्यालय अभिभावकों एवं पूरे क्षेत्र में हर्ष एवं गौरव का वातावरण है।







राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति परीक्षा भारत सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है। इस परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक निर्धारित एक हजार रुपए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है जिससे वे अपनी पढ़ाई बिना आर्थिक बाधाओं के जारी रख सकें।

यह परीक्षा विद्यार्थियों की मानसिक क्षमता एवं शैक्षणिक योग्यता का आकलन करती है तथा इसमें सफलता प्राप्त करना किसी भी विद्यार्थी के लिए गर्व की बात होती है। प्रधानपाठक ईश्वर प्रसाद रजक ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में नियमित अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ विशेष मार्गदर्शन एवं अभ्यास सत्र आयोजित किए गए जिससे विद्यार्थियों को परीक्षा की बेहतर तैयारी करने का अवसर मिला।

विद्यालय परिवार के शिक्षकों गजपति प्रसाद ध्रुव, हेमकुमार देवांगन, गिरीश वर्मा, समन्वयक सत्यनारायण बंजारे, प्रेममाया ध्रुव, माधुरी कंवर के अलावा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी भास्कर चंद देवांगन, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मुन्ना सिंह नेताम, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक दुर्गेश शर्मा, प्राचार्य शैलेन्द्र भसगौरी सहित संकुल मल्दी के समस्त शिक्षकों ने बधाई दी है।

### विशेष मार्गदर्शन और निरंतर प्रयासों से मिली प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता

इस सफलता में शिक्षक हेमकुमार देवांगन का विशेष योगदान रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी हेतु विद्यालय समय के अतिरिक्त ऑफलाइन एवं ऑनलाइन विशेष कक्षाएं संचालित कर मार्गदर्शन प्रदान किया। नियमित अभ्यास मॉडल प्रश्न पत्रों का समाधान तथा समय-समय पर मूल्यांकन के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा के अनुरूप तैयार किया गया। उनके निरंतर प्रयासों एवं समर्पण का ही परिणाम है कि विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त की।

# छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ ने शिक्षा सचिव को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



शिक्षक जहां शिक्षा का अलख जगाते हैं वहीं व्यक्ति की शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य और खेल के क्षेत्र में प्रदेश एक अलग पहचान दिलाने वाले व्यायाम शिक्षक होते हैं। आज वही कई समस्याओं से जूझ रहे हैं।

विगत दिनों छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष रितेश सिंह, महासचिव मृत्युंजय शर्मा, पूर्व अध्यक्ष हरिश देवांगन आदि प्रतिनिधि मण्डल ने शिक्षा सचिव कमल प्रीत सिंह स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन से वर्तमान व्यायाम शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया में स्पष्ट दिशा निर्देश तथा वर्तमान वरिष्ठता सूची की त्रुटियां में आवश्यक सुधार, शारीरिक शिक्षा को अनिवार्य वैकल्पिक विषय, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शारीरिक शिक्षा लागू करना एवं वर्तमान में व्यायाम शिक्षकों की सबसे बड़ी चुनौती बायोमेट्रिक ऑनलाइन (वी एस के ) उपस्थिति अधिकारी से सारगर्भित चर्चा कर ज्ञापन सौंपा तथा उन्होंने समस्याओं को जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया है। अब देखना होगा कि समस्याओं पर कितना अमल होगा। ज्ञापन सौंपने वालो में छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ प्रतिनिधिमंडल में प्रभाकर सिंह उपाध्यक्ष, सनत कालेलकर कोषाध्यक्ष, विजय रत्नाकर अध्यक्ष रायपुर, महेश शर्मा, कमल निकुंज, शरद पंसारी, रामकुमार टंडन सचिव बिलासपुर, कमलप्रीत सिंह, अमित तिवारी, विवेक साहू आदि प्रतिनिधि मण्डल उपस्थित रहे।